भारत सरकार
महिला एवं बाल विकास मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 2838
दिनांक 17 मार्च, 2023 को उत्तर के लिए

पोषण 2.0 के तहत मौजूदा आंगनवाड़ियों को आधुनिकीकरण

2838. श्री बृजभूषण शरण सिंह:
श्री प्रताप चंद्र षडड्.गी:
डॉ. रमापति राम त्रिपाठी

क्या **महिला और बाल विकास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या पोषण 2.0 के तहत उत्तर प्रदेश और ओडिशा में मौजूदा आंगनवाड़ियों का आधुनिकीकरण किया गया है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं;
(ख) क्या पोषण 2.0 के तहत उक्त राज्यों में नई आधुनिक आंगनवाड़ी स्थापित की गई हैं, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं;
(ग) क्या सरकार ने बच्चों के आहार में बदलाव की सिफारिशों को लागू करने के लिए कदम उठाए हैं, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं;
(घ) क्या 2021-22 के बाद उत्तर प्रदेश में गोंडा-बहराइच और ओडिशा के बालासोर में आंगनवाड़ियों में उपस्थिति में सुधार हुआ है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और
(ड.) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

श्रीमती स्मृति ज़ूबिन इरानी **महिला एवं बाल विकास मंत्री**

(क) और (ख) : सक्षम आंगनवाड़ी के अंतर्गत, देशभर में उन्नत पोषण प्रदायगी हेतु तथा अभिसरण से 6 वर्ष तक की आयु के बच्चों के बचपन की देखभाल तथा शिक्षा के लिए दो लाख आंगनवाड़ी केंद्रों (एडब्ल्यूसी) (प्रति वर्ष 40000 आंगनवाड़ी केंद्रों) को सुदृढ़ तथा उन्नत बनाया जाएगा। वित्त वर्ष 2022-23 में 40000 आंगनवाड़ी केंद्रों को उन्नयन हेतु आकांक्षी जिलों में चिन्हित किया गया है। सक्षम आंगनवाड़ी में इंटरनेट/वाईफाई सम्बद्धता, एलईडी स्क्रीन, वाटर प्यूरी फायर आरओ मशीन लगाना तथा स्मार्ट लर्निंग और ओडियो विजुअल उपकरण तथा बालक के अनुकूल प्रशिक्षण उपकरणों सहित बेहतर अवसंरचना होगी। वर्तमान वर्ष अर्थात वित्तीय वर्ष 2022-23 में आंगनवाड़ी केंद्रों के उन्नयन हेतु राज्यों को निधियां जारी की गई हैं जिसके लिए वर्तमान वित्तीय वर्ष के लिए उपयोग बकाया नहीं है।

वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए उड़ीसा और उत्तर प्रदेश राज्यों के लिए सक्षम आंगनवाड़ी के रूप में उन्नत किए जाने वाले अनुमोदित आंगनवाड़ी केंद्रों का ब्यौरा निम्नलिखित है :-

क्रम संख्या	राज्य	वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए सक्षम आंगनवाड़ी केंद्रों में उन्नयन हेतु अनुमोदित आंगनवाड़ी केंद्रों की संख्या
1	ओडिसा	6000
2	उत्तर प्रदेश	2349

(ग) पोषण 2.0 के अंतर्गत निर्दिष्ट पोषण मानदण्डों के अनुसार 6 माह से 6 वर्ष तक की आयु समूह के बच्चों, गर्भवती महिलाओं और स्तनपान कराने वाली माताओं को आंगनवाड़ी केंद्रों पर अनुपूरक पोषण प्रदान किया जाता है। हाल ही में पोषण मानदंडों को गुणवत्तापरक प्रोटीन तथा अनिवार्य माइक्रोन्यूट्रीएन्ट्स प्रदान करने हेतु आहार विविधता के सिद्धांतों के आधार पर मात्रा और गुणवत्ता दोनों के संबंध में और अधिक व्यापक बनाने के लिए संशोधित किया गया है।

(घ) और (ड.) पोषण ट्रेकर ऐप्लिकेशन की शुरूआत मार्च, 2021 में की गई थी। तब से आंगनवाड़ी केंद्रों को धीरे-धीरे पोषण ट्रेकर पर पंजीकृत किया जा चुका है और आज की तारीख तक इस ट्रेकर पर लगभग 13.9 लाख आंगनवाड़ी केंद्रों को पंजीकृत किया जा चुका है। उपस्थिति का पता लगाने सहित पोषण सेवा के अंतर्गत विभिन्न मोड्यूल को काफी समय से शुरू किया गया था। देशभर में काफी ज्यादा आंकड़े प्राप्त होने के कारण, आंकड़े अभी भी स्थिर होने की प्रक्रिया में हैं। किंतु मई, 2022 से उपस्थिति पर नियमित आंकड़े/रिपोर्ट उपलब्ध हैं। बालासोर जिले में मई, 2022 से 23 फरवरी 2023 तक उपस्थिति को प्रतिशतता में 5.53% से 75.9% तक और बहराइच में 3.18% से 22.5% तथा गोंडा में 5.58% से 27.93% तक सुधार आया है।

*****